# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला स्वास्थ्य समिति उन्नाव।

पत्रॉक– एन0यू0एच0एम0/आशा चयन/2026–27/ 4908 दिनॉक– 03/8/26

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0–एस0पी0एम0यू0/एन0यू0एच0एम0/Budget/2024–25/61/1555–2 दिनांक 18.06.2024 के कम में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में स्लम एवं नॉन स्लम क्षेत्र में शहरी आशा के चयन हेतु आवेदन प्राप्त किये जाने है। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक से 11 अगस्त 2026 को 05 बजे तक ही जमा किये जायेगे। निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक से ही लिये जायेगे। साक्षात्कार निम्नानुसार किया जायेगा।

| क0 | न0प्रा0स्वा0के0 का नाम | मोहल्ले का नाम | रिक्त पद | साक्षात्कार की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न0प्रा0स्वा0के0 काशीराम कॉलोनी | प्रयागनारायण खेड़ा | 1 | 19 अगस्त 2026 |
| 2 | न0प्रा0स्वा0के0 चम्पापूरवा | करवला | 1 | 19 अगस्त 2026 |
| 3 | न0प्रास्वा0के0 मोती नगर | कासिम नगर – 1, इब्राहिम बाग – 1, पेहली खेड़ा– 1, जगन्नाथ गंज–1, | 4 | 19 अगस्त 2026 |
| 4 | न0प्रास्वा0के0 ब्रह्मनगर | इन्द्रानगर, | 1 | 19 अगस्त 2026 |
| 5 | न0प्रास्वा0के0 पुरानी बाजार | तालिब सराय –1, शेखवाडा–1, नुरूद्दीन नगर –1, तकी नगर–1, | 4 | 19 अगस्त 2026 |
| | | कुल पद | 11 | |

नोट – **साक्षात्कार उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रातः 11 से 5 बजे तक सम्पन्न होगे। साक्षात्कार के लिये अलग से कोई सूचना अथवा बुलावा पत्र नही भेजा जायेगा।**

नियुक्ति की शर्ते–

1.आशा संबंधित स्लम क्षेत्र की स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। एवं उसी क्षेत्र हेतु तैनाती की जायेगी इस हेतु मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड , तहसीलदार द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। 2. विवाहित/विधवा/तलाक सुदा/पति से अलग हो गयी महिला को प्राथमिकता दी जाये। 3. उम्र 20 से 45 वर्ष के बीच हो। 4. हाईस्कूल उत्तीर्ण हो। 5. चयनित आशा प्रशिक्षण के पश्चात् कार्य करेगी तत्पश्चात् ही प्रतिपूर्ति राशि की पात्र होगी। 6. चयनित आशा को कोई नियत मानदेय/वेतन प्राप्त नही होगा। 7. कार्य आधारित निर्धारित प्रतिपूर्तिराशि के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते आदि देय नही होगें। 8. साक्षात्कार हेतु कोई टी0ए0/डी0ए0 देय नही होगा। 9. नियुक्ति से संबंधित सभी विधिक विवादों का निस्तारण स्थानीय जिला न्यायालय जूरिसडक्शन के अधीन होगें। 10. आवेदन पत्र के साथ आयु/जाति प्रमाण पत्र, समस्त शैक्षिक योग्यता संबंधी अंक पत्र प्रमाण पत्र तथा अनुभव आदि की स्वप्रमाणित छाया प्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य होगा। 11.अपूर्ण अथवा निर्धारित आहर्ताओं न रखने वाले अभ्यर्थी का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा तथा साक्षात्कार में सम्मिलित नही किया जायेगा। 12.उपरोक्त विज्ञप्ति में किसी भी प्रकार का संशोधन एवं निरस्त करने का अधिकारी अधोस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

**नोट– आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद की राजकीय बेबसाईट unnao.nic.in पर प्रसारित कर दी जायेगी।**

मुख्य चिकित्साधिकारी
उन्नाव।

Scanned with OKEN Scanner

# –: आवेदन पत्र का प्रारूप :–

कार्यक्रम का नाम :– राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, उन्नाव ......................

1. आवेदित पद का नाम :– शहरी आशा ..................................................................
2. आवेदक का नाम :– (हिन्दी) ....................................................................................
   अंग्रेजी (कैपिटल लेटर में)..........................................................................................
3. पिता/पति का नाम ..................................................................................................

स्वप्रमाणित फोटो

4. जन्म तिथि ................................. आयु ......................... वर्ष ......................... माह...................... दिन......
5. स्थायी पता ............................................................................
6. पत्र व्यवहार का पता ..........................................................................................................................
   मोबाइल नम्बर ..................................................
7. जाति ................................................ श्रेणी ..............................................................................
8. राष्ट्रीयता ..................................................................................
9. वैवाहिक स्थिति .................................................
10. शैक्षिक योग्यता ..........................................

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

## –: घोषणा पत्र :–

मैं एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि (1) मैनें विज्ञापन की शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ा है व मुझे मान्य है और ये शर्तें मैं पूरी करती हूँ, (2) इस आवेदन पत्र में दिये गये सारे विवरण/सूचनायें सत्य एंव सही है और मैनें इस विवरण और सूचनाओं में कोई तथ्य छिपाया नहीं है। यदि कोई विवरण/सूचनायें असत्य गलत पायी जायें तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायें। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवायें समाप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जायें।

दिनांक :–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

संलग्नकों की संख्या :–

Scanned with OKEN Scanner